भारतीय राज्य कृषि क्षेत्र निगम नामक एक और संस्था शुरू की है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी स्थापना का प्रयोजन क्या है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार) (क) जी, नहीं।

सरकार ने, राष्ट्रीय बीज निगम को 1963 में और भारतीय राज्य फार्म निगम को 1969 में स्थापित किया था। इस समय दोनों कार्य कर रहे हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।

Firms Defaulting payment of PF Contribution

2073. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN: Will the Minister of LABOUR be plased to state:

(a) the details of the firms that defaulted in payment of provident fund contribution to the Regional Provident Fund Commissioners in the country State-wise during the last three years;

(b) the names of such Firms in the state of Tamil Nadu;

(c) the reasons for non payment of P.F. contribution in time; and

(d) the details of the steps taken to ensure the timely payment of P.F. contributions by these Firms?

THE MINISTER OF LABOUR AND WELFARE (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) and (b) Statements showing the particulars of firms which were in arrears of Rs. 1 lakh and above are attached. [Vide Appendix CLV, Annexure No. 65 and 66].

(c) The employers generally plead industrial sickness or financial difficulties as the main reasons for non-payment of Provident fund dues.

(d) The EPF authorities are generally taking the following actions against the defaulting employers for realisation of the outstanding dues:—

(i) Issuing of revenue recovery certificates under section 8 of the EPF Act;

(ii) Filling of prosecution cases under Section 14 of the EPF Act;

(iii) Filing of complaints under section 406/409 IPC in cases of non-payment of contribution deducted from the wages of the employees.

(iv) Levying of damages under section 14B of the Act.

मंत्रियों के आवासों के रख-रखाव पर व्यय

2074. श्री वेकल उत्साही : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय मंत्रिमंडल के उन मंत्रियों के नाम क्या हैं जिनके दिल्ली स्थित आवासों के रख-रखाव और सजावट पर इस प्रयोजन के लिए निर्धारित राशि से अधिक खर्च की गयी थी; और

(ख) मंत्रियों के आवासों में से प्रत्येक आवास पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन : (क) भवन की स्थिति, मंत्री महोदय की अपेक्षाओं तथा धनराशि की उपलब्धता पर आधारित मंत्रियो को आवंटित आवासों में मरम्मत, नवीकरण तथा परिवर्धन/परिवर्तन के छोटे-मोटे कार्य किए जाते हैं। सरकार ने मंत्रियों को आवंटित आवासों में ऐसे कार्यों को करने के लिए सीमा निर्धारित करने संबंधी कोई नियम अधिसूचित नहीं किया है।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।